तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 12 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पंप हाउस में गैंगवार, हथियारबंद युवकों ने घर में घुसकर किया हमला



## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामलों के त्वरित निपटारे की तैयारी

**कोरबा।** जिला न्यायालय में पराक्रम्य लिखत अधिनियम (चेक बाउंस) से संबंधित मामलों के शीघ्र और आपसी सहमति से निपटारे के उद्देश्य से 18 जुलाई को विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसके सफल संचालन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिक से अधिक पात्र मामलों की पहचान कर उनके निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशों के अनुरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोरबा द्वारा 18 जुलाई को चेक बाउंस मामलों के निराकरण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायालय के कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित होगी। विशेष लोक अदालत की तैयारियों के तहत 10 जुलाई को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में चेक बाउंस से संबंधित अधिक से अधिक लंबित एवं समझौते योग्य मामलों की पहचान कर उन्हें विशेष लोक अदालत में प्रस्तुत करने तथा प्रभावी ढंग से उनका निराकरण सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

### प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के जीवन का बनेगा आधार : ननकी

**कोरबा।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी एक पेड़ मां के नाम अभियान को उरगा मंडल में अभूतपूर्व जनसमर्थन मिला। भारतीय जनता पार्टी उरगा मंडल के तत्वावधान में मुक्तिधाम परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम के लिए मुक्तिधाम परिसर के सुरक्षित एवं गेटयुक्त क्षेत्र का चयन विशेष रूप से इसलिए किया गया, ताकि लगाए गए पौधों का समुचित संरक्षण हो सके और आने वाले वर्षों में यही पौधे विशाल वृक्ष बनकर पर्यावरण संतुलन, स्वच्छ वातावरण और प्रकृति संरक्षण का सशक्त संदेश दें। इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर ने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि मानव जीवन का आधार हैं। यदि आज हम अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित पर्यावरण की अमूल्य सौगात मिलेगी। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बोईदा हायर सेकेंडरी में सड़क सुरक्षा हेतु विविध आयोजन

**हरदीबाजार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा में शासन प्रशासन के निर्देश पर प्राचार्य पूनम दुबे के संरक्षण में सड़क सुरक्षा हेतु आयोजन किया गया। जिसका प्रमुख उद्देश्य समाज के अंदर जागरूकता प्रदान करना है एवं यातायात नियमों को भली भांति जान समझ कर उसका पालन करते हुए स्वयं को जान जोखिम से बचाकर दूसरों को भी सुरक्षित तरीके से वाहन चलाना है। इसके लिए विद्यार्थियों के लिए निबंध, वाद विवाद, पोस्ट बैनर चित्रकला, जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। 25 जुलाई को विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई है। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंचल राज, द्वितीय दिव्या कश्यप, तृतीय काजल सहित लक्ष्मी, कंचन, प्रियाश्मी खांडे, काजल, दुर्गा पटेल, स्नेहा पटेल, मीरा और ललिता, चांदनी मुकेश्वरी आदि ने चित्रकला प्रतियोगिता में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर प्राचार्या पूनम दुबे, लखन लाल बंजारे, राजेन्द्र कुमार नायक, वीरेंद्र कुर्रे, देवी दयाल सिंह, पुरुषोत्तम देवांगन, जितेंद्र कुमार नेटी, सुनील कुमार मिश्रा, निहारिका इमानुएल आदि उपस्थित थे।

# तिलकेजा सहकारी समिति में खुलेगा पेट्रोल पंप, जमीन का हुआ चिन्हांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सहकारी समितियों को अब धान खरीदी के अलावा अन्य व्यवसाय से भी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसकी शुरुआत तिलकेजा सहकारी समिति से होने जा रही है। समिति को पेट्रोल पंप चलाने की अनुमति मिल गई है और राजस्व विभाग के द्वारा समिति परिसर में ही पूर्व में आबंटित जमीन को चयनित कर लिया गया है।

सहकारी समिति में पेट्रोल पंप खोलने का यह पहला मामला होगा। जिसके संचालन को लेकर कलेक्टर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने समिति स्तर पर निरीक्षण भी किया था। जिसके तहत पेट्रोल पंप के लिए आवश्यक जमीन के साथ क्षेत्र की आबादी का आंकलन किया गया है। कितनी आबादी पेट्रोल पंप के संचालन से लाभान्वित होगी। इसकी पूरी रिपोर्ट प्रशासन के द्वारा तैयार की गई है।

## रायगढ़, सक्ती व कोरबा मेन रोड में स्थित है सहकारी समिति

### खास बातें

- आसपास के 10 से 15 गांव की आबादी को मिलेगा लाभ
- जिले की पहली सहकारी समिति होगी तिलकेजा



### जमीन का लेआउट भी हुआ तैयार

पेट्रोल पंप संचालन के लिए जमीन के लेआउट का चयन किया गया है। समिति के कार्यालय के समीप ही पेट्रोल पंप का संचालन होगा। इसके लिए 90 गुणा 90 साइज की जमीन का लेआउट तैयार हुआ है। पेट्रोल पंप कंपनी के अधिकारी भी जमीन का लेआउट देखकर स्वीकृत दे दिए हैं। पेट्रोल पंप के संचालन से क्षेत्र के किसानों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। वर्तमान में तुमान में पेट्रोल पंप का संचालन हो रहा है लेकिन खपत इतनी ज्यादा है कि दो से तीन दिन से ज्यादा स्टाक नहीं रह पाता। स्टाक की कमी पड़ जाती है। ऐसी स्थिति को देखते हुए तिलकेजा सहकारी समिति में पेट्रोल पंप के संचालन से किसानों को ज्यादा फायदा मिलेगा। क्षेत्र में सर्वाधिक खेती का रकबा होने के कारण अधिकांश किसानों के घरों में ट्रैक्टर एवं अन्य खेती में उपयोग आने वाली अन्य मशीनें भी मौजूद हैं। जिसके लिए पेट्रोल व डीजल की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए उरगा तक की दौड़ लगानी पड़ जाती है।

बताया जाता है कि रायगढ़, कोरबा, सक्ती मार्ग में तिलकेजा ग्राम स्थित है। मुख्य मार्ग में समिति का कार्यालय संचालित है। पेट्रोल पंप प्रारंभ होने से अकेले तिलकेजा ग्राम की 10 हजार की आबादी के साथ तुमान, बरपाली, पताढ़ी, पहंदा आदि गांव की आबादी को पेट्रोल पंप की सुविधा का लाभ मिल सकेगा। जिले में दो समितियों में पेट्रोल पंप संचालन को लेकर प्रस्ताव तैयार हुआ था। जिसमें तिलकेता को पहली प्राथमिकता दी गई है।

## जर्जर पुल से फिर शुरु हुआ वाहनों का आवागमन, हादसे की आशंका

# बारिश से बहा गुरसिया के तान नदी नेशनल हाईवे 130 का अस्थाई पुल एवं एप्रोच रोड



बारिश से बहा एप्रोच रोड।



अस्थाई पुल में लगाया गया पाइप बहकर हुआ इधर उधर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते सप्ताह जिले में हुई 48 घंटे की भारी बारिश से जिले के की मार्ग व पुल पुलिया क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उनमें से कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे पर तान नदी में बनाये गए पुल व एप्रोच रोड भारी बारिश से बह गए। उसके बावजूद जर्जर पुल से छोटे बड़े वाहनों का आवागमन शुरू होने से हादसों की आशंका बढने के साथ ही आवागमन की समस्या बढ़ गई है।

### खास बात

- बीते सप्ताह हुई 48 घंटे की भारी बारिश से जिले के कई क्षेत्रों की सड़कों व पुल पुलियों का हुआ नुकसान

कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाइवें में तान नदी पर बने पुराने और जर्जर पुल की मरम्मत का कार्य चल रहा था। इस दौरान वाहनों की आवाजाही बाधित न हो, इसके लिए पुल के समीप अस्थायी एप्रोच रोड तैयार किया गया था। इस निर्माण में लाखों रुपये खर्च किए गए थे, ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सुचारू रूप से जारी रह सके। लेकिन लगातार हुई बारिश के बाद नदी में जलस्तर बढ़ने और तेज बहाव के कारण एप्रोच रोड का बड़ा हिस्सा बह गया। बारिश के पानी के दबाव को यह अस्थायी मार्ग झेल नहीं पाया और देखते ही देखते क्षतिग्रस्त होकर नदी में समा गया। यह मार्ग छत्तीसगढ़ को बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण रास्ता है। ऐसे में एप्रोच रोड के बह जाने के बाद यातायात व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई थी। फिलहाल वाहनों की आवाजाही फिर से पुराने जर्जर पुल से शुरू कर दी गई है।

### प्रतिदिन गुजरती हैं अंतर्राज्यीय गाड़ियां

राजधानी रायपुर से बिलासपुर होकर बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड जैसे बड़े राज्यों में जाने वाली अंतर्राज्यीय यात्री बसें प्रतिदिन गुजरती हैं। अधिकांश बसों के यात्रा का समय रात में रहता है। जिससे हादसों की आशंका और भी बढ़ जाती है। प्रतिदिन सैकड़ों अंतर्राज्यीय बसं दिन भर में गुजरती हैं। इन यात्री गाड़ियों के अलावा शहर के व्यापारिक प्रतिष्ठानों को लिए सामग्री लेकर दिल्ली, पंजाब से आने वाले भारी वाहनों का भी आवागमन इसी मार्ग से होता है। इससे भी इस मार्ग में लगातार वाहनों का दबाव बने रहने से घटनाएं भी हो चुकी हैं। ऐसी स्थिति में रोड व पुल के बहने से यात्री और मालवाहक वाहनों के लिए इस मार्ग से गुजरना कठिन हो गया है। इसके अलावा जिले से भी लोगों का अंबिकापुर आना जाना लगा रहता है। व्यापारिक वाहनों के अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की गाड़ियां भी प्रतिदिन मार्ग से गुजरती हैं।

### मरम्मत का कार्य पूरा नहीं और आवागमन शुरू

जिस पुल की मरम्मत का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है, उस पर दोबारा भारी वाहनों सहित लगातार यातायात शुरू होने से परेशानी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों की मानें तो वाहनों का दबाव बढ़ने से पुल की स्थिति और खराब हो सकती है। किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और पुल की मरम्मत का कार्य तेजी से पूरा कराया जाए। साथ ही अस्थायी एप्रोच रोड के बहने की स्थिति की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग भी उठ रही है। फिलहाल तान नदी पुल क्षेत्र में स्थिति पर नजर रखी जा रही है, लेकिन बारिश के मौसम में जर्जर पुल से आवागमन करना यात्रियों के लिए जोखिम भरा बना हुआ है।

# दो कारों की भिड़ंत, दंपति घायल



घटनास्थल पर लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत एमपी नगर क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक बड़ा सड़क हादसा करा दिया। दो कारों के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में एक कार में सवार पंडित रविशंकर शुक्ला नगर निवासी आशीष अग्रवाल और उनकी पत्नी घायल हो गए। दोनों को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना में शामिल एक कार का चालक और उसका साथी हादसे के समय नशे की हालत में दिखाई दे रहे थे। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और डायल-112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया सड़क पर जाम को बहाल कर यातायात को सुचारु कराया। थाना प्रभारी आस्था शर्मा ने बताया कि दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने और तथ्यों की पुष्टि के बाद संबंधित धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


# शिव मंदिर बांगो से पोड़ी उपरोड़ा तक सड़क बदहाल, बारिश में बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मिनीमाता हसदेव बांगो बांध परियोजना से शिव मंदिर तक की सडक़ का निर्माण पूरा हो चुका है, जिससे इस हिस्से में आवागमन पहले की तुलना में काफी आसान हो गया है। लेकिन शिव मंदिर से पोड़ी उपरोड़ा गांव तक की सडक़ अब भी बदहाल स्थिति में है। कच्ची सडक़ बारिश के कारण कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, इस सडक़ का निर्माण कई वर्ष पहले जल संसाधन विभाग द्वारा कराया गया था। समय के साथ भारी वाहनों की आवाजाही और नियमित रखरखाव के अभाव में सडक़ पूरी तरह जर्जर हो गई। हर वर्ष बारिश के दौरान सडक़ पर कटाव होने से स्थिति और गंभीर होती चली गई। लगातार मांग और जनदबाव के बाद विभाग ने डेम साइड से शिव मंदिर तक सडक़ का निर्माण करा दिया, लेकिन शेष मार्ग आज भी मरम्मत की बाट जोह रहा है। बताया जाता है कि पूरी सडक़ के निर्माण एवं उन्नयन के लिए करोड़ों रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी और टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हुई थी। हालांकि, ठेकेदार द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर (एबव रेट) ⏭ शेष पेज 3 पर

# जिले में 16 को निकलेगी रथयात्रा, महास्नान के बाद बीमार हुए महाप्रभु, पिलाया जा रहा काढ़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा से पहले जिले के जगन्नाथ मंदिरों में धार्मिक परंपराओं का निर्वहन पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान के अस्वस्थ होने की मान्यता के अनुसार इन दिनों मंदिरों में अनसर काल चल रहा है। इस अवधि में भगवान के नियमित दर्शन बंद हैं और उनकी विशेष सेवा-पूजा की जा रही है। परंपरा के अनुरूप महाप्रभु को तुलसी, अदरक, काली मिर्च, पीपली, दालचीनी सहित विभिन्न आयुर्वेदिक औषधियों से तैयार औषधीय काढ़ा अर्पित किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर आगामी 16 जुलाई को निकलने वाली रथयात्रा को लेकर कोरबा शहर सहित जिलेभर के मंदिरों में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। मंदिर समितियों के अनुसार अनसर काल में भगवान को पूर्ण विश्राम दिया जाता है। इस दौरान सेवायत विशेष नियमों के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। भक्त प्रत्यक्ष दर्शन नहीं कर पाते, लेकिन मंदिर परिसर के बाहर से ही भगवान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और मंगलमय रथयात्रा की कामना करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि भगवान स्वस्थ होने के बाद नेत्र उत्सव के अवसर पर भक्तों को पुनः दर्शन देते हैं और इसके बाद रथयात्रा का शुभारंभ होता है। रथयात्रा को लेकर मंदिरों में रथों की सजावट, रंग-रोगन, ध्वज-पताकाओं की व्यवस्था, भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण और सुरक्षा संबंधी तैयारियां भी तेजी से चल रही हैं।

# दीवार के किनारे बैठा था 5 फीट का नाग, किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बारिश का मौसम शुरू होते ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सांपों का निकलने सिलसिला शुरू हो गया हैं जहां कुछ लोग हिम्मत कर के सांप को भगा देते हैं वहीं कुछ लोग डर से दूरी बना लेते हैं और रेस्क्यु टीम को मदद के लिए सूचना देते हैं ऐसा ही घटना खरमोरा में देखने के मिला जहां घर के समीप एक 5 फीट का विशालकाय नाग दिखाई दिया तो लोगों के रोंगटे खड़े हो गए, किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए आर स्थानीय निवाशी आर ए पाण्डेय ने तत्काल रेस्क्यु टीम को सूचना देना ज्यादा बेहतर समझा, जिसके बाद इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया गया। जिस पर सारथी ने तोड़ी देर में पहुंचने की बाद कही तब तक उस पर नजर बनाए रखने को कहा फिर कुछ देर बाद जितेंद्र सारथी मौके पर पहुंचे और एक स्लैब के पीछे बैठे नाग को पहले बाहर निकाला और सुरक्षित ढंग से रेस्क्यु कर थैले में डाला तब जाकर सभी न राहत भरी सांस लिया और फिर उसे प्राकृतिक रहवास जंगल में छोड़ दिया गया।

### एक्टिवा में निकला सांप

मानस नगर एक एक्टिवा के अंदर अत्यंत विषैले कॉमन करैत के घुस जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत आरसीआरएस की टीम को सूचना दी। सूचना प्राप्त होते ही संस्था के अध्यक्ष अविनाश यादव अपने टीम सदस्य मानस के साथ मौके पर पहुंचे और करैत सांप का सफल रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 24 चालकों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्रवाई के लिए तैनात पुलिस।

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से कोरबा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सजग कोरबा, सुरक्षित कोरबा अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। विशेष जांच अभियान के दौरान कुल 24 वाहन चालक नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान 17 दोपहिया और 7 चारपहिया वाहन शामिल रहे। सभी 24 वाहनों को जब्त कर नियमानुसार माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिलेभर में लगातार चल रहे इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### नाबालिक वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

पुलिस ने नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ एक विशेष अभियान की शुरुआत की है। स्कूलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों के आसपास यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले नाबालिगों पर नकेल कसी जा रही है। चेकिंग के दौरान बिना ड्राइविंग लाइसेंस के दोपहिया और अन्य वाहन चलाते मिले नाबालिगों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस ने मौके पर ही वाहनों के दस्तावेजों की सघन जांच की और चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी।

# निगम में इंजीनियरों के 81 स्वीकृत पद, इसमें 49 पद खाली

## अब पांच और की हुई पोस्टिंग

### कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है निगम, एक इंजीनियर के भरोसे 10 से अधिक बड़े प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहे बिलासपुर नगर निगम को कुछ राहत मिली है। राज्य शासन ने शनिवार की शाम जारी आदेश में बिलासपुर में पांच सब इंजीनियरों की पोस्टिंग की है। ध्यान रहे कि निगम में कुल 1274 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 603 पदों पर ही कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि 671 पद अब भी रिक्त हैं। इससे नगर निगम के दैनिक कामकाज और विकास कार्यों पर सीधा असर पड़ रहा है। नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। विभिन्न श्रेणियों के इंजीनियरों के 81 स्वीकृत पदों में से केवल 32 इंजीनियर




कार्यरत हैं, जबकि 49 पद खाली हैं। ऐसे में कई प्रोजेक्ट और तकनीकी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। एक इंजीनयर के भरोसे 10 से अधिक बड़े प्रोजेक्ट हैं। इसी कारण वह समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। करीब 300 करोड़ के कामों पर इसका असर पड़ रहा है।

गौरतलब है कि परिसीमन के बाद निगम क्षेत्र का दायरा बढ़ा है और इसमें 18 नगर पंचायत, नगर पालिका और ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसके बावजूद स्टाफ बढ़ाने के बजाय कमी बनी हुई है। हालत यह है कि 70 वार्डों में हर वार्ड के लिए एक-एक सब इंजीनियर तक उपलब्ध नहीं है। फिलहाल सीमित इंजीनियरों को कई वार्डों की जिम्मेदारी दी गई है। स्टाफ की कमी के कारण कई काम ठेकेदार और साइट सुपरवाइजर के भरोसे चल रहे हैं। करीब दो साल से यह स्थिति बनी हुई है, जबकि प्रोजेक्ट लगातार बढ़ते जा रहे हैं। देरी के कारण लागत भी बढ़ रही है, जिससे ठेकेदारों को फायदा और आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### इनकी हुई बिलासपुर में पोस्टिंग

रायपुर निगम के सब इंजीनियर गोपाल प्रधान, भिलाई निगम के सब इंजीनियर शंकर सुवन मरकाम, राजनांदगांव निगम की सब इंजीनियर सुश्री दुर्गा कंवर की बिलासपुर में तीन इंजीनियर और एक उपायुक्त की पोस्टिंग की गई है। इसी तरह नपं कोटा के सोम शेखर शर्मा को बिलासपुर नगर निगम, भूमिका शास्त्री को पत्थलगांव से बोदरी में पोस्टिंग दी गई है। ध्यान रहे कि इससे कुछ दिन पहले भी पोस्टिंग हुई थीं। इसमें ललित त्रिवेदी, जिन्हें असिस्टेंट इंजीनियर से पदोन्नत कर प्रभारी कार्यपालन अभियंता बनाया गया है, अब बिलासपुर में सेवाएं देंगे। इसके अलावा रायपुर नगर निगम के ईई लाल महेंद्र प्रताप सिंह और कोंडागांव के सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव को भी प्रभारी ईई के तौर पर बिलासपुर में पदस्थ किया गया है। वहीं, अंकुर पांडेय को उपायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है।

### नए सेटअप की मांग की गई थी

निगम के मुताबिक क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए राज्य सरकार से नए सेटअप और अतिरिक्त पदों की मांग की गई थी ताकि बढ़ते कार्यभार को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। इधर निगम में 47 सब इंजीनियर पदों में से सिर्फ 22 असिस्टेंट इंजीनियर पदों में से केवल 4, और 10 कार्यपालन अभियंता पदों में से सिर्फ 6 पद भरे हुए हैं। वहीं 2 सीनियर इंजीनियर पदों में से केवल एक पद पर नियुक्ति है। इससे साफ है कि नगर निगम का तकनीकी ढांचा गंभीर स्टाफ संकट से गुजर रहा है।



### अरपा में रुके पानी का शुद्धिकरण नहीं हुआ तो यह और गंदा होता जाएगा

# दो बैराज तो बन गए, लेकिन 100 करोड़ के चार एसटीपी अधूरे, पानी रुका तो जहर बन जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

100 करोड़ की लागत से शिवघाट और पचरीघाट में दो बैराज लगभग बनकर तैयार हैं लेकिन 70 नाले, नालियों का गंदा पानी जो अरपा नदी में पहुंचता है, उसे साफ करने के लिए 100 करोड़ में बनाए जा रहे चार एसटीपी अधूरे पड़े हैं। इन एसटीपी की क्षमता कितनी होगी और यह कितना पानी साफ कर पाएंगे इस पर सवाल है। दूसरी ओर आशंका इस बात कि है कि यदि नदी में जा रहे गंदे पानी को साफ करने की व्यवस्था समय पर नहीं हो सकी तो अरपा का पानी एक तरह से जहर हो जाएगा। दरअसल दोनों बैराज बनने के बाद अरपा में बारहों महीने पानी भरने की तो बात कही जा रही है, लेकिन रुके पानी का शुद्धिकरण नहीं हुआ तो यह और गंदा होता जाएगा। हालांकि निगम का दावा है कि जल्द ही चारों एसटीपी पूरे हो जाएंगे। इसमें 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य अंतिम चरणों में है।

देखा जाए तो हाईकोर्ट ने पहल न की होती तो अरपा को प्रदूषण से मुक्त कराने, नदी में 12 महीने जल का प्रवाह बनाए रखने के लिए बैराज, एनीकट के निर्माण और उद्गम स्थल की भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नहीं होती। इसमें तेजी तो आई है लेकिन अभी भी इसके लिए जमीनी कार्यवाही तेज करनी होगी। फिलहाल तो करीब 4 करोड़ लीटर गंदा पानी रोज नदी में बह रहा है। शहर के नाले, नाली, सीवरेज प्रोजक्ट, कचरा, मलबा सब अरपा नदी में गिर रहे हैं। निगम के मुताबिक ठेकेदार को यह काम मार्च 2025 तक पूरा करना था। कार्य में देरी के कारण कंपनी पर पहले ही 67 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई जा चुकी है। इसमें 10 एमएलडी एसटीपी में देरी पर 41 लाख रुपए (3% पेनाल्टी) और 6 एमएलडी क्षमता के दूसरे एसटीपी के निर्माण में देरी पर 26 लाख रुपए शामिल हैं।

### शहर के 70 नाले, नालियों का गंदा पानी, सीवरेज कचरा, मलबा सब अरपा नदी में गिर रहे



### चिल्हाटी और दोमुंहानी में भी सफाई नहीं

चिल्हाटी और दोमुंहानी स्थित दो एसटीपी से भी शत प्रतिशत गंदे पानी का उपचार नहीं हो पा रहा है। इसकी क्षमता 71 एमएलडी की है। इससे अरपा में नगर निगम एरिया में पहुंचने वाले करीब 70-80 फीसदी गंदे पानी की सफाई की जा सकेगी। हालांकि फिलहाल इनके चिल्हाटी स्थित 17 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के जरिए 15.50 एमएलडी और 54 एमएलडी क्षमता वाले दोमुंहानी के प्लांट से मात्र 24 एमएलडी जल मल की सफाई की जा रही है। जाहिर है कि नालों के जरिए हर दिन नदी में पहुंचने वाला करोड़ों लीटर गंदा पानी अरपा को निरंतर प्रदूषित कर रहा है।

### 17 साल बाद भी सीवरेज अधूरा

यहां यह भी ध्यान रहे कि जल-मल की निकासी रोकने के लिए साल 2007-2008 में शुरू हुई सीवरेज परियोजना अपने लक्ष्य से अब तक कोसो दूर है। योजना के अंतर्गत 40 हजार घरों के जल-मल की सफाई होनी थी, पर अब तक निगम एरिया के करीब 20 फीसदी ही घरों को इससे जोड़ा जा सका है। निगम की मानें तो 17 साल बाद भी केवल 7693 हाउस कनेक्शन दिए जा सके हैं।

### ठेकेदार पर की गई पेनाल्टी

जल्द ही चारों एसटीपी पूरे हो जाएंगे। इसमें 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य अंतिम चरणों में है। लापरवाही और देरी के मामले में ठेका कंपनी पर पेनाल्टी भी लगाई गई है।

\- प्रकाश कुमार सर्वे
निगम कमिश्नर

### अरपा में इस तरह फैल रही गंदगी

- नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा है
- सीवरेज प्रोजेक्ट का गंदा पानी दोमुंहानी और चिल्हाटी स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से नदी में प्रवाहित हो रहा
- कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है
- निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है।

### शिवघाट बैराज योजना

- स्वीकृत राशि- 49 करोड़ 13 लाख रुपए
- योजना का जल ग्रहण क्षेत्र- 1998 वर्ग किमी
- बैराज की लंबाई- 334 मीटर
- बैराज की ऊंचाई-3.50 मीटर
- जल भराव क्षमता-1.80 मिलीघन मीटर
- सड़क की चौड़ाई-7.50 मीटर
- बैराज गेट की संख्या - 20

### पचरीघाट बैराज योजना

- स्वीकृत राशि - 48 करोड़ 97 लाख रुपए
- योजना का जल ग्रहण क्षेत्र-2000 वर्ग किमी
- बैराज की लंबाई- 278 मीटर
- बैराज की ऊंचाई-3.50 मीटर
- जल भराव क्षमता-1.20 मिलीघन मीटर
- सड़क की चौड़ाई-7.50 मीटर
- बैराज गेट की संख्या 16

# 1 करोड़ की ठगी करने वाले को बैंक खाता उपलब्ध कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिटायर्ड महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 1 करोड़ 4 लाख की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में पुलिस ने जालसाजों को कमीशन में म्यूल बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले 6 म्यूल बैंक खाताधारकों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस मुख्य जालसाजों को नहीं पकड़ पाई है।

रेंज साइबर थाना के अनुसार, 20 अप्रैल 2026 को सिविल लाइन थाना में रिपोर्ट लिखाई गई। शांतिनगर मंगला चौक निवासी 82 वर्षीय रिटायर्ड महिला प्रोफेसर को जालसाजों ने वाट्सएप मैसेज व वीडियो काल कर अपने आपको केंद्रीय जांच एजेंसी का अधिकारी बताते हुए उन्हें यह कहकर भयभीत किया कि उनका नाम एक आतंकी संगठन से जुड़ा हुआ है। उक्त संगठन को धन भेजने में वे सहयोग कर रही हैं। उक्त मामले में बचाने के नाम पर उनसे 1 करोड़ 4 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई थी।

### 2 आरोपी गिरफ्तार




रेंज साइबर थाना उक्त मामले की जांच कर रही है। बैंक खाता व तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस ने जालसाजों को कमीशन में म्यूल बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले फरार आरोपी राहुल कामडी पिता प्रकाश कामडी 38 साल ताजेश्वर नगर हुडकेश्वरनाका नागपुर, गौरव मिश्रा पिता रमाकांत मिश्रा 27 साल वसंतनगर अंजनी नागपुर महाराष्ट्र निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पूर्व 6 म्यूल बैंक खाताधारकों को गिरफ्तार किया गया था। मजेदार बात यह है कि रेंज थाना पुलिस महिला प्रोफेसर से करोड़ों रुपए ठगी करने वाले मुख्य जालसाजों को नहीं पकड़ पा रही है।

### नेपाल काठमांडू से की गई ठगी

उक्त मामले में पुलिस की अब तक जांच में यह खुलासा हुआ कि महिला प्रोफेसर से नेपाल काठमांडू में बैठकर डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों रुपए की ठगी की गई है। पकड़े गए कमीशनखोर दोनों आरोपियों ने पूर्व में पकड़े गए म्यूल खाताधारक नेहमत उल्ला को नेपाल काठमांडू भेजने की व्यवस्था की थी।

### दाम कौड़ियों में



# लाखों की लावारिस सागौन बारिश में हो गई खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर सागौन जब्त किया, लेकिन जब लकड़ी का आंकलन किया गया तो वह बारिश व मिट्टी डंप के कारण पूरी तरह से सड़ चुकी थी। इसके बाद लाखों की लकड़ी की कीमत कौड़ियों के दाम में आ गई।

शुक्रवार को बिलासपुर वन मंडल की टीम को सूचना मिली कि बिलासपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम जैतपुर चिल्हाटी में नदी के किनारे आम के पेड़ के पास लाखों रुपए के 16 सागौन के लट्ठे लावारिस हालत में पड़े हुए हैं। सूचना मिलने के बाद लावारिस लकड़ी को जब्त करने से पहले आरोपी की खोजबीन के लिए मुखबिर को सचेत कर दिया गया। 24 घंटे में मुखबिर की कोई सूचना नहीं मिलने के बाद शनिवार को टीम मौके पर पहुंची, जहां लाखों के सागौन की लकड़ी बारिश और मिट्टी डंपिंग के कारण सड़ गई थी। लट्ठे पूरे सूख गए थे। इसका आंकलन करने पर लाखों की लकड़ी की कीमत कौड़ियों के दाम पर निकली। बिलासपुर वन मंडल की टीम ने सागौन को जब्त करने के साथ अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत अपराध कायम कर खोजबीन शुरु कर दी है।

इस संबंध में रेंजर यशपाल वर्मा ने बताया कि सागौन की लकड़ी राजस्व भूमि पर मिली है, जिसके संबंध में आसपास लोगों से पूछताछ में डेढ़ से दो साल पहले रखे जाने की जानकारी प्राप्त हुई। बारिश और मिट्टी में डंपिंग के कारण सागौन की लकड़ी खराब होने से कीमत का आंकलन भी नहीं हो पा रहा है। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

### शराब के नशे में युवक चढ़ गया हाई वोल्टेज टावर पर

**वाड्रफनगर।** पत्नी से विवाद के बाद एक युवक हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। इस दौरान युवक ने जमकर हंगामा किया। युवक पत्नी को वापस बुलाने की मांग कर रहा था। घंटों चले हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद पुलिस ने समझा बुझाकर युवक को नीचे उतारा और पकड़कर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि वाड्रफ नगर चौकी अंतर्गत ग्राम लोधी निवासी 22 वर्षीय अंटू अगरिया आ. संजू अगरिया ने प्रेम विवाह किया है। विवाह के बाद भी शराब पीने के बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद होता रहता है।

## खबर संक्षेप

### शायर व राज्यसभा सांसद इमरान आएंगे आज

**बिलासपुर।** मशहूर शायर और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का शहर आगमन रविवार 12 जुलाई को होगा। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि इमरान प्रतापगढ़ी शाम 4 बजे करबला रोड पुराने हाईकोर्ट के पास स्थित होटल एम्परर पैराडाइज यश पैलेस में छात्रों की गूंज अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विषय पर प्रेसवार्ता करेंगे। इसके साथ ही छात्रों की गूंज कार्यक्रम में विद्यार्थियों की समस्याओं, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता एवं युवाओं कें भविष्य से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा का भी आयोजन किया जाएगा।



### जीडीसी के प्राचार्य को क्षेत्रीय अपर संचालक का प्रभार

**बिलासपुर।** गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज जीडीसी के प्राचार्य डॉ. एसआर कमलेश को बिलासपुर क्षेत्रीय अपर संचालक का प्रभार सौंपा गया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। पूर्व में क्षेत्रीय अपर संचालक के पद पर साइंस कालेज के प्राचार्य प्रवीण पांडेय पदस्थ थे, लेकिन साइंस कालेज प्राचार्य पद से उनके रिटायर होने के बाद क्षेत्रीय अपर संचालक पद खाली पड़ा था। बाद में साइंस कालेज के प्रभारी प्राचार्य डीपी साहू कुछ दिनों तक क्षेत्रीय अपर संचालक का प्रभार देखते रहे। लेकिन 30 जून को डीपी साहू भी रिटायर हो गए तब से क्षेत्रीय अपर संचालक का पद खाली पड़ा था। लेकिन उच्च शिक्षा विभाग ने अब आदेश जारी कर गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ. एसआर कमलेश क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय बिलासपुर एवं आहरण संवितरण अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वे अपने वर्तमान दायित्व प्राचार्य के साथ-साथ क्षेत्रीय अपर संचालक का कार्य करेंगे। उन्हें यह दूसरी बार क्षेत्रीय अपर संचालक का प्रभार मिला है। उच्च शिक्षा विभाग का क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय बिलासपुर में है जिसके अंतर्गत संभागभर के कालेज आते हैं।

### सिकंदराबाद-रायपुर का विस्तार विचाराधीन



**बिलासपुर।** सिकंदराबाद से रायपुर एक्सप्रेस का विस्तार बिलासपुर तक करने के प्रस्ताव को रेल मंत्रालय ने विचाराधीन रखा है। रायपुर से सिकंदराबाद के बीच 12771/12772 एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है, जिसकी सुविधा बिलासपुर के यात्रियों को नहीं मिल पा रही है। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर 12771/12772 सिकंदराबाद से रायपुर तक चल रही एक्सप्रेस का विस्तार बिलासपुर तक करने का प्रस्ताव भेजा था। अटल श्रीवास्तव के भेजे गए प्रस्ताव के बाद रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने ट्रेन के विस्तारित करने सहित अन्य विषयों पर प्राप्त पत्र का संज्ञान लेने के बाद विचाराधीन रखा है। वर्तमान स्थिति में इस विषय पर रेल मंत्रालय की ओर से जांच करने के बाद आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

### संदिग्ध दस्तावेजों पर मेडिकल एजेंसी का लाइसेंस निरस्त

**सूरजपुर।** औषधि अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए संदिग्ध दस्तावेज प्रस्तुत करने के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए मेसर्स आर.डी. लक्ष्मी मेडिकल एजेंसी, भैयाथान रोड, सूरजपुर का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार, राधेश्याम गुप्ता द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र के माध्यम से उक्त मेडिकल एजेंसी के विरुद्ध संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर औषधि लाइसेंस प्राप्त करने की शिकायत कार्यालय को प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर संबंधित प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विभाग द्वारा सभी अभिलेखों, शिकायत आवेदन तथा उपलब्ध दस्तावेजों का विस्तृत परीक्षण किया गया।

### जमीन विवाद और घर बनाने को लेकर ग्रामीण की हत्या

**अम्बिकापुर।** जमीन विवाद को लेकर मारपीट से घायल युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मारपीट के बाद घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया और फरार हो गया था। लखनपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुन्नी चौकी अंतर्गत तिरकेला ढोगाडांडपारा निवासी धुंधूराम मझवार ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसके चचेरे बड़े भाई तिरकेला ठेपापारा निवासी कामेश्वर मझवार 26 जून को तबीयत खराब होने पर उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था इस दौरान 27 जून को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सड़क किनारे पेड़ से टकराई श्रद्धालुओं से भरी कार, 1 की मौत, 7 घायल

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिला अंतर्गत चलगली क्षेत्र के मशहूर धार्मिक स्थल बच्छराज कुंवर धाम पहुंचे श्रद्धालुओं की कार मानिकपुर जंगल में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में 1 व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि अन्य 7 सवार घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पड़ोसी राज्य झारखण्ड के गढ़वा जिलान्तर्गत ग्राम चिनिया निवासी श्रद्धालु शुक्रवार को आर्टिका कार से बच्छराजकुंवर धाम पहुंचे थे। धाम में दर्शन-पूजन करने के उपरांत श्रद्धालु शाम 4 बजे वापस अपने घर लौट रहे थे। अंधेरा होने के डर से वाहन स्वामी जयप्रकाश यादव (32वर्ष) तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। तेज रफ्तार कार मानिकपुर जंगल में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई।

### सरैया रिसॉर्ट के स्टाफ की मदद से वन विभाग ने किया रेस्क्यू

# शिवतराई में मिला दुर्लभ प्रजाति का गोल्डन ग्रीक कछुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बारिश के मौसम में शिवतराई के पास स्थित सरैया रिसोर्ट में शनिवार को दुर्लभ प्रजाति का गोल्डन ग्रीक कछुआ देखने को मिला। सरैया रिसोर्ट के संचालक ने इस दुर्लभ प्रजाति के कछुआ की सुरक्षा को लेकर वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी। कर्मचारियों की मदद से इस दुर्लभ प्रजाति के गोल्डन रंग वाले कछुआ का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जंगल से होते हुए यह दुर्लभ कछुआ रिसॉर्ट में पहुंच गया। गोल्डन ग्रीक कछुआ भूमध्यसागरीय कछुओं की एक लोकप्रिय प्रजाति है। यह पीले-सुनहरे रंग के आकर्षक खोल यानि शैल के लिए जाने जाते है। उत्तरी अफ्रीका, दक्षिणी यूरोप और मध्य पूर्व के गर्म,



शुष्क इलाकों में पाए जाते हैं। इनका आकार लगभग 4 से 8 इंच तक और मुख्य खोल हल्के पीले या सुनहरे रंग का होता है, जिस पर गहरे भूरे या काले रंग के निशान होते हैं। ये शाकाहारी होते हैं, जिसका मुख्य आहार ताजे घास, जंगली फूल, और हरी पत्तेदार सब्ज़ियां शामिल होनी चाहिए। धूप के लिए बास्किंग लैंप और विटामिन डी 3 के लिए यूवीबी लाइट जरूरी है। इस प्रकार के प्रजाति का दुर्लभ कछुआ पहली बार देखने को मिला है। वन विभाग के अधिकारियों ने सरैया रिसॉर्ट के संचालक तथा कर्मचारियों के प्रति आभार जताया है। बारिश के मौसम में जीव जंतु बाहर निकल कर आते हैं और विचरण करते हैं। अचानकमार अभ्यारण में भी जंगली जीव जंतु बारिश में दिखाई देते हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने वन्यजीव जंतु की सुरक्षा की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### जल जीवन मिशन के तहत खोदे गए गड्ढों में शुरू हुआ क्रांकीटीकरण

शिवरीनारायण। नगर पंचायत शिवरीनारायण के वार्ड क्रमांक 4 सहित महानदी तट के मुख्य मार्ग पर लगभग एक वर्ष से अमृत जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल पाइपलाइन विस्तार का कार्य चल रहा है लंबे समय तक कार्य अधूरा रहने के कारण स्थानीय नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब पिछले कुछ दिन से निर्माण कार्य विभाग द्वारा सड़क की क्रांकिटी करण कार्य कराए जा रहे हैं। वर्तमान में रामघाट, बाबाघाट, सावघाट, बनियाघाट एवं महंत स्कूल मार्ग तक पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत एवं कंक्रीटीकरण का कार्य जारी है। कार्य पूर्ण होने के बाद इस प्रमुख मार्ग की सुंदरता और मजबूती दोनों में सुधार देखने को मिलेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृत जल जीवन मिशन के तहत नगर के सभी पात्र परिवारों को नए घरेलू नल कनेक्शन निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कनेक्शन प्राप्त करने के लिए हितग्राहियों से केवल राशन कार्ड की फोटोकॉपी, आधार कार्ड की फोटोकॉपी तथा मोबाइल नंबर लिया जा रहा है। आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बाद विभाग द्वारा निःशुल्क नल कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में महानदी किनारे महंतपारा स्थित वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 में भी नए जल कनेक्शन देने का कार्य निरंतर जारी है। विभागीय अमला घर-घर पहुंचकर पाइपलाइन से जोड़ने और आवश्यक तकनीकी कार्यों को पूरा कर रहा है।

### किसानों को धान के स्थान पर लाभकारी फसल लगाने दी गई जानकारी

बिर्रा। जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के बजरंग चौक में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विनोद कुमार कश्यप द्वारा किसानों को धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी एवं अन्य लाभकारी फसलों की खेती अपनाने से होने वाले आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत समय-सीमा में फसल बीमा कराने, आवश्यक दस्तावेज एवं योजना के लाभों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में एग्रीस्टैक के अंतर्गत सक्रिय पीएम-किसान लाभार्थी कृषकों का फार्मर आईडी बनाने का कार्य भी किया गया। किसानों को बताया गया कि फार्मर आईडी के माध्यम से भविष्य में विभिन्न कृषि योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ अधिक पारदर्शी, सरल एवं डिजिटल माध्यम से प्राप्त होगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शिव मंदिर से...

का कोटेशन दिए जाने के कारण सहमति नहीं बन सकी। इसके चलते आगे का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया और शिव मंदिर से पौड़ी उपरोड़ा तक का मार्ग अब भी बदहाल बना हुआ है। वर्तमान में इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढे, कीचड़ और जलभराव के कारण दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की आवाजाही जोखिम भरी हो गई है। बारिश के मौसम में ग्रामीणों, स्कूली विद्यार्थियों, किसानों और अन्य लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग से मांग की है कि शिव मंदिर से पौड़ी उपरोड़ा तक की सडक़ का निर्माण एवं मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए, ताकि बारिश के मौसम में भी आवागमन सुचारु बना रहे और क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

## लखपति दीदियों का हुआ सम्मान

# आत्मनिर्भर भारत में भागीदारी देने महिला समूह आगे आएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में दीदी के गोठ कार्यक्रम का वार्षिक उत्सव एवं संकुल स्तरीय संगठन सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ी विभिन्न स्व-सहायता समूहों महिला सदस्य शामिल हुईं, जिन्होंने अपनी मेहनत और उद्यमशीलता के बल पर लखपति दीदी बनकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह ने महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समूहों के उत्पादों को छात्रावासों एवं आश्रमों में उपयोग के लिए उपलब्ध कराने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे महिला समूहों की आय में निरंतर वृद्धि हो। इस अवसर पर लखपति दीदी के रूप में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। सम्मानित महिलाओं ने अपने संघर्ष, सफलता और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणादायी यात्रा साझा करते हुए अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार और समूह



कार्यक्रम में महिला समूह की सदस्य को सम्मानित करती जिपं सदस्य।

गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने महिला समूहों को स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्यमों का विस्तार करने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

### जिले में 15 सितंबर तक चलेगा पौधरोपण अभियान

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज समय-सीमा की बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित अन्य महत्वपूर्ण लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने अनुकूल वर्षा की स्थिति को देखते हुए जिले में 15 सितंबर तक वृहद पौधरोपण अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को अपने-अपने शासकीय कार्यालय परिसरों में पौधरोपण के लिए आवश्यक पौधों एवं ट्री-गार्ड की मांग शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा।

# योग, स्मार्ट क्लास और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय मिडिल स्कूल विजयनगर में शनिवार को सुबह की प्रार्थना सभा के बाद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा योग एवं व्यायाम से हुई, जिसमें नियमित योगाभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात विद्यालय में अध्ययन-अध्यापन के लिए स्थापित स्मार्ट टीवी के माध्यम से संचालित स्मार्ट क्लास की गतिविधियों का उपस्थित पालकों को संक्षिप्त परिचय कराया गया। प्रधान पाठक सर्वेश सोनी ने बताया कि स्मार्ट क्लास के जरिए विद्यार्थियों को आधुनिक एवं रोचक तरीके से शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने विद्यालय में नवीन रूप से नियुक्त मानदेय शिक्षिकाओं को भी स्मार्ट टीवी एवं डिजिटल शिक्षण संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य केंद्र विजयनगर से पहुंची नर्सिंग स्टाफ ने 14 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं एवं उनकी माताओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाए जाने वाले टीकाकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संयोजन, क्रियान्वयन एवं संचालन विद्यालय के प्रधान पाठक सर्वेश सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, पालकगण एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहे।



बच्चों को जानकारी देते अतिथि।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

# रामगोपाल की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के गिरफ्तारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के नेतृत्व में शुक्रवार को टीपी नगर चौक में केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला फूंका गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार नफरत और द्वेष की भावना से काम कर रही है। एक ओर देश भर में महँगाई आसमान छू रही है विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं। ऐसे में अपनी नाकमी को छिपाने के लिए ईडी, सीबीआई और अन्य केन्द्रीय जांच एजेसियों को आगे करने का काम कर रही है और कांग्रेस नेताओं तथा कांग्रेस पार्टी के छवि को धूमिल करने का असफल प्रयास करते आ रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार विभिन्न जांच एजेसियों का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ति कर रही है और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है।

ऐसी कार्यवाही लोकतंत्र के सिद्धांतों के विरुद्ध है जो देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करती है। हम लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिये सदैव संघर्ष करते रहेंगे। महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कुसुम द्विवेदी ने कहा कि भाजपा की नफरत में डूबी कार्यवाही भारत के सामाजिक ताने-बाने के लिये एक गम्भीर खतरा है। इस नफरत का एक मात्र विकल्प हमारे संविधान में निहित संदेश है।

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र
/बी-121/2025-26
ग्राम कटघोरा प.ह.नं. 10
तहसील कटघोरा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा कटघोरा प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. व तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम कटघोरा वार्ड 04 तह० कटघोरा, जिला-कोरबा छ.ग. के द्वारा अपने पिता ओमप्रकाश अग्रवाल पिता गोन्दिराम का मृत्यु दिनांक 11.08.2019 को स्थान कटघोरा स्थित स्वंय के घर में मृत्यु होने का लेख करते हुए जन्म-मत्यु रजिस्टार नगर पालिका परिषद् कटघोरा से जारी घटना का परिशुद्धता एवं अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 15.07.2026 को न्यायलयीन समय में उपस्थित या अपना आधिवक्ता के साथ (द्वारा) होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 30.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी**
**कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष) डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष) ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष) एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

# अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बालको। अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई को जनपद पंचायत कोरबा सभा कक्ष में संतोष शर्मा जिला सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन एवं सचिव कुमारी डिंपल के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कार्यपालक अधिकारी खगेश कुमार निर्मलकर की अध्यक्षता में जनपद पंचायत सभागार में किया गया कार्यक्रम में बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न सामाजिक आर्थिक एवं पर्यावरणीय चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए जनसंख्या संतुलन पर सतत विकास के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी खगेश कुमार निर्मलकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस केवल आंकड़ों का विषय नहीं बल्कि मानव जीवन की गुणवत्ता संसाधनों के न्याय संगत उपयोग और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा हुआ है। उन्होंने वर्ष 2026 की थीम के भावार्थ को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और सम्मानजनक जीवन के अवसर उपलब्ध हो इसके लिए जनसंख्या और संसाधनों के बीच संतुलन आवश्यक है। जागरूक नागरिक, सशक्त महिलाएं और शिक्षित युवा ही स्वस्थ एवं विकसित समाज की आधारशिला है।

MEENA JAIN MEMORIAL HOSPITAL
Care That Heals, Trust That Lasts
आयुष्मान कार्ड से गुणवत्तापूर्ण इलाज, अब आपके अपने शहर कोरबा में
मल्टीस्पेशलिटी सुविधाओं, अनुभवी विशेषज्ञों और 24x7 आपात सेवाओं के साथ भरोसेमंद उपचार
Dr. Prince Jain
MBBS, MD (Medicine)
क्रिटिकल केयर | कार्डियोलॉजी
स्त्री एवं प्रसूति रोग | कार्डिएक एम्बुलेंस
मॉड्यूलर ओटी | 24 घंटे पैथोलॉजी
डायलिसिस | शिशु रोग
100 बेड 22 ICU बेड | 24 घंटे सेवाएं | आयुष्मान कार्ड सुविधा उपलब्ध
CT HEAD मात्र ₹1500/- | X-RAY एवं SONOGRAPHY
आज ही विशेषज्ञ से परामर्श लें
तुरंत अपॉइंटमेंट एवं जानकारी के लिए कॉल करें
+91 94791 18941
नया बस स्टैंड, विशाल मेगामार्ट के सामने, टी.पी.नगर, कोरबा

कृष्णा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
KRISHNA IVF
FERTILITY & IVF CENTRE



मातृत्व एक सुखद एहसास IVF से जगी आस
अधिक उम्र में अब माँ बनना हो रहा है संभव
आधुनिक तकनीकों जैसे IVF द्वारा अब 40 या उससे अधिक उम्र एवं मासिक धर्म बंद होने पर भी डोनर सर्विसेज़ के माध्यम से माँ बनना संभव हो पा रहा है।
परामर्श हेतु कौन दम्पति सम्पर्क कर सकते हैं?
• कम/निल शुक्राणु • पुरुष नसबंदी • धीमी गतिशीलता • खराब गुणवत्ता
• बंद फेलोपियन ट्यूब • अण्डों में खराबी • रसौली (फाइब्रॉइड), पीसीओएस (पीएमओएस)
• अनियमित पिरियड • एडिनोमायोसिस • एन्डोमेट्रियोसिस • महिला नसबंदी
• Unexplained Infertility • Low AMH
मिला संतान सुख 49 वर्ष की उम्र में | मिला संतान सुख 46 वर्ष की उम्र में | मिला संतान सुख 44 वर्ष की उम्र में | मिला संतान सुख 49 वर्ष की उम्र में | मिला संतान सुख 12 वर्षों की समस्या के बाद | मिला संतान सुख 14 वर्षों की समस्या के बाद | मिला संतान सुख बाहर तीन असफल IVF प्रयासों के बाद | मिला संतान सुख 10 वर्षों की समस्या के बाद | मिला संतान सुख 13 वर्षों की समस्या के बाद
उपलब्ध सुविधाएं : फर्टिलिटी जाँच, IUI, IVF, ICSI, PICSI, ब्लास्टोसिस्ट, हिस्ट्रोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी, डोनर सर्विसेज।
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.) 9993996139

## खबर संक्षेप

### नरेंद्र बने भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के दुर्ग संभाग प्रभारी



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा नेता व पार्षद नरेंद्र देवांगन को भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ का दुर्ग संभाग प्रभारी तथा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति एवं नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक किशोर राय की अनुशंसा पर की गई है। नरेंद्र देवांगन लंबे समय से भाजपा संगठन के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला महामंत्री रहते हुए उन्होंने संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में संगठन की रणनीति को बूथ स्तर तक पहुंचाने तथा कार्यकर्ताओं के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने में उनकी भूमिका रही। हाल ही में संपन्न नगरीय निकाय चुनाव में वे पार्षद पद पर निर्विरोध निर्वाचित होकर जनता के विश्वास और अपनी मजबूत संगठनात्मक पकड़ का परिचय दे चुके हैं। उनके इसी अनुभव, कार्यकुशलता और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए भाजपा नेतृत्व ने उन्हें दुर्ग संभाग जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

### दुबे बने भाजपा पार्षद दल के सचेतक



**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा के भाजपा पार्षद दल ने वार्ड क्रमांक 42के वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व एल्डरमैन सत्येंद्र दुबे को अपना सचेतक नियुक्त किया है। संगठन द्वारा उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचेतक के रूप में वे अब निगम में भाजपा पार्षद दल के कार्यों में समन्वय और अनुशासन बनाए रखने की भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति के अवसर पर जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं और पार्षदों की उपस्थिति रही। इस दौरान दुबे जी का शाल-श्रीफल से स्वागत किया गया।

### स्कूली छात्रों को यातायात नियमों का दिया गया प्रशिक्षण



**कोरबा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को सेंट जेवियर्स स्कूल, कोरबा में यातायात जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोरबा यातायात पुलिस की टीम ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियमों के पालन और सुरक्षित यातायात के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। अभियान में स्कूल के प्राचार्य श्री आनंद की उपस्थिति में यातायात शाखा के एएसआई मनोज राठौर, हेड कांस्टेबल संतोष सिंह एवं कांस्टेबल सुशांत युवराज चंद्रा ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। यातायात पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि सड़क पर चलते समय ट्रैफिक संकेतों का पालन करना, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करना, ओवरस्पीडिंग से बचना, मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन नहीं चलाना तथा नाबालिगों द्वारा वाहन नहीं चलाने जैसे नियम सभी की सुरक्षा के लिए जरूरी हैं।

### कोरबी में मनाया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह

**कोरबा।** शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी धतूरा में शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सप्ताह दिवस मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा ड्राइंग, पेंटिंग चित्रकला द्वारा सुरक्षा के उपाय प्रदर्शित किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय तृतीय प्रतिभागियों का ड्राइंग पेंटिंग में चयन किया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य वीर भद्रसिंह पैकरा द्वारा सड़क सुरक्षा के उपाय के बारे में छात्र-छात्रओं को जानकारी दी। संस्था के व्याख्याता द्वारा भी अपने उद्बोधन में सड़क सुरक्षा के नियम, उपाय बताये गये।

# कम्प्यूटर के जानकार शिक्षक को ही मिलेगा संकुल प्रभारी का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे ऑनलाइन कार्यों को लेकर अब संकुल प्रभारी उन्हीं शिक्षकों को बनाया जाएगा को कम्प्यूटर के जानकार होंगे और जिन्हें एंड्रायड मोबाइल चलाना आता होगा। जिले में 200 से अधिक संकुल केन्द्र हैं, जिनमें अभी भी पुराने शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है। जिनकी वजह से ऑनलाइन कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं।

स्कूलों में ऑनलाइन अटेंडेंस से लेकर छात्रों व शिक्षकों के रिकार्ड ऑनलाइन किए जाने की वजह से शिक्षकों व संकुल प्रभारियों पर बोझ बढ़ता जा रहा है। इसे देखते हुए अब ऐसे शिक्षकों को संकुल प्रभारी की जिम्मेदारी दी जाएगी जिन्हें एंड्रायड फोन चलाना आता होगा और कम्प्यूटर के जानकार होंगे। जिससे शिक्षा विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा मांगे जाने वाली किसी भी तरह की ऑनलाइन जानकारी को तत्काल अपडेट किया जा सके। पिछले कुछ समय से शिक्षकों के अटेंडेंस को लेकर छात्रों की उपस्थिति सहित अन्य शैक्षणिक रिकार्ड ऑनलाइन किए जा रहे हैं। इसके लिए तकनीकी क्षेत्र में दर्ज शिक्षकों की आवश्यकता होगी। जिले के स्कूलों में बने हुए संकुल प्रभारियों में कुछ ऐसे भी हैं जो एंड्रायड फोन चलाना नहीं जानते और कम्प्यूटर सिस्टम में भी अपडेट नहीं हैं। ऐसे संकुल प्रभारियों को अब बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। वहीं जिले में रिक्त 39 संकुल प्रभारियों के पद पर कम्प्यूटर और एंड्रायड मोबाइल चलाने वाले शिक्षकों को ही जिम्मेदारी दी जाएगी। जिला एवं समग्र शिक्षा के माध्यम से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इसके निर्देश दिए गए थे और हालही में शिक्षण सत्र शुरुआत होने के दौरान ही इसके निर्देश को फिर से अमल किया जा रहा है और इस वर्ष इसे कड़ाई से अमल किया जाएगा। जारी आदेश में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि संकुल समन्वयक को तकनीकी रूप से दक्ष होना चाहिए। ताकि विभागीय ऑनलाइन कार्यों पर तकनीकी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

## ऑनलाइन कार्य बढ़ने की वजह से शामिल किया गया शर्त में

**खास बातें**

- एंड्रायड मोबाइल चलाना भी किया गया अनिवार्य
- रिक्त संकुल केन्द्रों में होगी प्रभारियों की नियुक्ति




**ये हैं प्रमुख शर्तें**

प्रत्येक संकुल केन्द्र में आने वाले हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य पदेन संकुल प्रभारी होंगे। तथा संकुल समन्वयक को नामांकित करने के लिए जिला स्तर पर तीन सदस्यीय टीम गठित की जाएगी। जिसके माध्यम से संकुल समन्वयकों की नियुक्ति होगी। इन तीन सदस्यीय समिति में जिला शिक्षा अधिकारी, डीएमसी एवं संबंधित स्कूल के प्रभारी प्राचार्य भी रहेंगे। समिति के द्वारा पारित प्रस्ताव पर कलेक्टर के द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उनके अनुमोदन के पश्चात संकुल प्रभारियों की नियुक्ति होगी।

**एकल शिक्षकीय स्कूल के शिक्षक नहीं होंगे नामांकित**

जिन स्कूलों में एक शिक्षक या दो शिक्षक पदस्थ हैं उन स्कूलों के शिक्षकों को संकुल प्रभारी का दायित्व नहीं दिया जाएगा। ऐसा स्कूल की पढ़ाई प्रभावित होने की वजह से निर्णय लिया गया है। संकुल के पुर्नगठन के दौरान संकुल समन्वयक के अंतर्गत आने वाले उच्चवर्ग शिक्षक या प्रधानपाठक को ही नामांकित किया जाएगा।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट अपराध दर्ज

# पंप हाउस में गैंगवार, हथियारबंद युवकों ने घर में घुसकर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत पंप हाउस में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि पुरानी रंजिश को लेकर दो दर्जन से अधिक युवकों ने पंप हाउस कॉलोनी पहुंचकर एक युवक और उसके साथियों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान बीच बचाव करने एक महिला के साथ भी मारपीट की गई। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- युवक व युवती सहित अन्य घायल

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत 15 ब्लॉक और पंप हाउस कॉलोनी के युवकों के बीच पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते बड़ी संख्या में युवक हथियार लेकर पंप हाउस कॉलोनी पहुंचे और हरीश राव और उसके साथियों के साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावर घर के भीतर घुस गए और वहां मौजूद लोगों के साथ भी मारपीट किये। पीड़ित पक्ष का दावा है कि कुछ समय पहले स्कूल के पास लड़कियों से छेड़छाड़ का विरोध करने के बाद से दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ था। इसी बात को लेकर पहले भी दोनों पक्षों में मारपीट हो चुकी है।



कालोनी में लगी भीड़ व उपस्थित पुलिस।

**शिकायत के आधार पर मामला दर्ज**

यह आपसी रंजिश और मारपीट का मामला है। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।
**-लखन पटले,** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

घटना के दौरान बीच बचाव करने पहुंची एक युवती के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। हमले में घायल श्वेता दास ने बताया है कि बहुत सारे युवक हाथ में डंडा, चाकू इस तरह के हथियार लेकर पंप हाउस पहुंचे थे। घटना रात 10 बजे की है कई युवक दौड़ते हुए आए। हम लोग घर के अंदर चले गए, लेकिन कुछ लोग भागते हुए घर में घुस गए। उन लोगों ने दरवाजा पीटकर कुंडी तोड़ दी। अंदर मत आओ, ऐसा कहने पर उन्होंने हमला करना शुरू कर दिया। सिर पर मुझे मारा, मेरे हाथ में चोट आ गई है। जब सारे मोहल्ले वाले बाहर आए तब वो लोग डर से वापस गए। मारपीट की सूचना मिलते ही सीएसईबी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर एफआईआर कायम कर ली है। घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है।

**पुरानी रंजिश को लेकर किया हमला**

पीड़ित हरीश राव ने बताया कि हम सभी पंप हाउस में अपने घर के पास बैठे हुए थे। तभी अचानक बाइक में सवार होकर लगभग दो दर्जन से अधिक युवक हथियार लेकर पहुंचे थे। जिन्होंने हमला कर दिया। तलवार से सिर पर वार किया, हाथ से रोका तो हाथ पर ही दो बार वार कर दिया। एक महिला पर भी उन्होंने हमला किया। मैं उनके घर गया तो मुझे भी घर में घुसकर मारपीट किये। इन लोगों ने पुरानी रंजिश के खुन्नस में ऐसा किया है। दरअसल पंप हाउस में आत्मानंद स्कूल है जहां हमला करने वाले युवकों में से कुछ लोग रोज बाइक पर सवार होकर फर्राटे भरते थे। जिसे लेकर स्कूल के शिक्षकों ने पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की थी। मैं उस वक्त वहीं मौजूद था। इसलिए उसी कार्रवाई के खुन्नस में इन लोगों ने मुझ पर हमला किया। हमलावरों में शनि ठाकुर, सोना, असलम खान, करण यादव, हर्ष तिवारी, सचिन तिवारी, लकी, पउ और विक्रम बग्गा सहित अन्य शामिल थे।

# विकास और जनसुविधाएं हमारी सर्वोच्च व पहली प्राथमिकता



विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक पटेल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 8 के शिवालय मोहल्ला जंगल साइड में कुल 76.98 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने किया।

**खास बात**

- कटघोरा विधायक एवं पालिका अध्यक्ष ने लाखों रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम का उन्नयन, मटन मार्केट का मरम्मत कार्य एवं पानी की व्यवस्था से संबंधित कार्य आम जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार नए कार्य स्वीकृत कराए जाएंगे और जनता की हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा। भूमिपूजन किए गए कार्यों में वार्ड क्रमांक 8 में मुक्तिधाम उन्नयन कार्य 49.24 लाख रुपये, मटन मार्केट मरम्मत कार्य 7.86 लाख रुपये, वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक 30 नग पानी सिंटेक्स स्थापना 9.94 लाख रुपये तथा वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक 30 नग पानी सिंटेक्स स्थापना 9.94 लाख रुपये शामिल हैं। पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सभी वार्डों में सिंटेक्स टंकियां स्थापित की जा रही हैं, वहीं मुक्तिधाम एवं मटन मार्केट के उन्नयन से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर भाजयुमो छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, पार्षद द्वय संदीप डहरिया, अश्वनी मिश्रा, राकेश अग्रवाल, लक्षण सिंह कंवर, सूरज मिश्रा, प्रकाश झा, रितेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, देव राजपूत, नकूल पटेल उपस्थित रहे।

# पुजारी से मारपीट, नगदी सहित मोबाइल की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गिरजाबंध हनुमान मंदिर से वापस अपने घर परसदा लौट रहे पुजारी के साथ मारपीट व लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। परसदा सिल्ली मोड़ बाबापारा के समीप जैसे ही पुजारी का वाहन पहुंचा उसे रोककर 3 से 4 युवकों ने पुजारी से 22 हजार नगद रकम व मोबाइल की लूट की और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

रतनपुर स्थित गिरजाबंध हनुमान मंदिर में अरुण पुरी महाराज रोजाना की तरह पूजा के बाद रात में अपने घर परसदा के लिए अपने कार से रवाना हुए। जैसे ही उनकी वाहन परसदा सिल्ली मोड़ के समीप बाबापारा के पास पहुंची इसी दौरान सड़क पर खड़े तीन से चार युवकों को वाहन को रोकवाया और अरुण पुरी महाराज के बाहर निकलते ही उस पर हमला कर दिया। मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद युवकों ने अरुण पुरी के जेब में रखे 22 हजार रुपए नगदी व मोबाइल की लूट कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद अरुण पुरी किसी तरह अपने घर परसदा पहंचे और इसके बाद पाली थाना में मामले की शिकायत दर्ज करायी। पाली पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर मारपीट व लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। इस मामले में पाली थाना प्रभारी नागेश तिवारी ने बताया कि घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी गई है जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# घायल बंदर की उपचार के दौरान मौत वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में सडक़ दुर्घटना में घायल एक बंदर (लंगूर) की उपचार के दौरान मौत हो जाने पर वन विभाग ने बरपाली स्थित वन आवासीय परिसर लाकर उसका ससम्मान अंतिम संस्कार किया। मिली जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के करतला परिक्षेत्र अंतर्गत बरपाली वृत्त के महोरा परिसर में शुक्रवार को सुबह 10 बजे के करीब कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग पर पुरैना राइस मिल के पास सडक़ पार करते समय अज्ञात वाहन द्वारा नर बंदर (लंगूर) को ठोकर मारकर घायल कर दिया था। उसे इलाज हेतु राहगीरों ने पशु चिकित्सालय बरपाली पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा परिसर रक्षक बरपाली को दिया गया, जिस पर वन अमला तत्काल पहुंचा और मृत बंदर के शव को वन आवासीय परिसर लाकर पोस्टमार्टम कराने के बाद रेंजर अक्ष पलक ऋषि, वन क्षेत्रपाल, सुरक्षा श्रमिकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में ससम्मान दाह संस्कार कर वन विभाग द्वारा वैधानिक कार्यवाही की गई।




## एसईसीएल महिला कर्मियों को भारी मशीनों के संचालन का दे रहा विशेष प्रशिक्षण

# गेवरा खदान में महिला कर्मचारी दौड़ाती नजर आएंगी भारी भरकम मशीनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की खदानों में नारी शक्ति अब एक नया इतिहास रचने जा रही है। अब तक खदानों के कार्यालयों और वर्कशॉप तक सीमित रहने वाली महिला कर्मचारी अब एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदानों में से एक, गेवरा खदान में भारी-भरकम मशीनों को दौड़ती नजर आएंगी।

गेवरा क्षेत्र में 6 जुलाई से 18 जुलाई तक चलने वाले इस 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को अत्याधुनिक सिम्युलेटर की मदद से ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके जरिए वे डंपर, शॉवेल और अन्य हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी के सुरक्षित और कुशल संचालन के तकनीकी व व्यावहारिक गुण सीख रही हैं। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इन्हें सीधे खदानों में इन भारी मशीनों के संचालन की कमान सौंप दी जाएगी।



एसईसीएल में पदस्थ महिला कर्मचारी।

एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट के लिए कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों से कैटेगरी-1 श्रेणी की 10वीं या उससे अधिक शिक्षित महिला कर्मचारियों का चयन किया गया है। 6 जुलाई को जब यह ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू हुआ, तो महिला प्रतिभागियों का पारंपरिक रूप से साफा पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर अनोखा स्वागत किया गया, जिससे उनका हौसला दोगुना हो गया। एसईसीएल के इतिहास की इस पहली और अनूठी पहल को अमलीजामा पहनाने में महाप्रबंधक सुजाता रानी की मुख्य भूमिका रही है। उन्होंने अपनी टीम के साथ ट्रेनिंग सेंटर पहुंचकर महिला कर्मियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें पूरे आत्मविश्वास व अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह पहल महिला कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें खदानों में संचालन संबंधी महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियों के लिए तैयार करेगी। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा, स्टाफ ऑफिसर सुधा बी. शिंदे सहित क्षेत्र के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



